# सेवा और समर्पण का प्रतीक प्रधानमंत्री का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत : बिरला

- पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के तहत हुए कई कार्यक्रम
- थेकड़ा में नमो स्वास्थ्य जांच एवं सुपोषण शिविर का हुआ शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कोटा के थेकड़ा में नमो स्वास्थ्य जांच एवं सुपोषण शिविर और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हुआ।

इस अवसर पर बिरला ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है, और यही प्रेरणा हमें समाज सेवा का संकल्प दोहराने का अवसर देती है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी, पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा, वरिष्ठ नेता पंकज मेहता, पूर्व उपमहापौर सुनीता व्यास, पं.गोविंद शर्मा, अनुसूइया गोस्वामी, महापौर राजीव भारती सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिरला ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों की जांच कर कैंसर, एनीमिया, तपेदिक और सिकल सेल जैसी बीमारियों की समय पर पहचान होगी। साथ ही पोषण सुधार, मोटापा रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल मातृ और शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के साथ आने वाली पीढ़ियों को भी स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान का अवसर देगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के थेकड़ा में नमो स्वास्थ्य जांच एवं सुपोषण शिविर और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया है।

**हजारों महिलाओं को मिला लाभः-** बिरला ने बताया कि कोटा-बून्दी संसदीय क्षेत्र में पहले से सुपोषित माँ अभियान और हॉस्पिटल ऑन व्हील्स जैसी योजनाएँ संचालित हैं, जिनसे हजारों गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने का लक्ष्य है और इसी दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आने वाले समय में कोटा को मेडिकल टूरिज्म हब और डेडिकेटेड मेडिकल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। कैंसर यूनिट, लाड़पुरा में सैटेलाईट अस्पताल और रामाश्रय भवन जैसी योजनाएँ इसी संकल्प का हिस्सा हैं, जिनसे मरीजों के परिजनों को ठहरने की सम्मानजनक सुविधा मिलेगी।

**मोदी के जीवन से प्रेरणाः-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन को प्रेरणास्रोत बताते हुए बिरला ने कहा कि उन्होंने बचपन से अब तक का हर क्षण राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया है। "सेवा ही संगठन" और "सेवा ही संकल्प" के मंत्र को आधार बनाकर उन्होंने राजनीति को जनकल्याण का माध्यम बनाया। गरीबों, वंचितों, महिलाओं और युवाओं के जीवन को गरिमामय बनाना ही उनकी राजनीति का ध्येय रहा है। बिरला ने कहा कि सार्वजनिक जीवन का असली उद्देश्य सत्ता या पद नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति की आँखों के आँसू पोंछना है।

**स्वच्छता ही सेवा अभियानः-** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार सुबह बिरला ने शक्तिनगर वार्ड संख्या 2 में क्षेत्रवासियों के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्षों तक प्रधानमंत्री और उससे पहले मुख्यमंत्री रहते हुए गरीबों, वंचितों, महिलाओं और युवाओं के जीवन को गरिमामय बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। आज हर घर तक आवास, शुद्ध पेयजल, गैस कनेक्शन और शौचालय जैसी सुविधाएँ पहुँचाना उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम

**रक्तदान शिविर का शुभारंभः-** बिरला ने जीएमए प्लाजा में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल जीवन बचाने का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संस्कारों को प्रकट करने का कार्य है। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित यह शिविर उनके जीवन दर्शन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बिरला ने आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग इस महादान में सहभागी बनकर समाज की सेवा में योगदान दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन उपस्थित रहे।

## नमो स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ

**रामगंजण्डी,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को रामगंजमण्डी में सुपोषित माँ अभियान के तृतीय चरण और नमो स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हुए इस आयोजन में बिरला ने कहा कि माताएं वात्सल्य और करुणा की मूर्ति होती हैं, लेकिन गर्भावस्था में भी उन्हें कठिन परिश्रम करना पड़ता है। कुपोषण और खून की कमी जैसी समस्याएं माताओं और शिशुओं के लिए गंभीर खतरा बनती हैं। इसी पीड़ा को देखते हुए सुपोषित माँ अभियान शुरू किया गया है। स्वस्थ नारी ही स्वस्थ समाज का आधार है। इस अभियान के तहत गर्भवती माताओं को प्रसव तक निःशुल्क पोषण किट, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सुपोषित माँ अभियान और स्वास्थ्य शिविर जैसी पहलें मातृ-शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित किया है। उनके जन्मदिवस पर मनाया जा रहा सेवा पखवाड़ा समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा और समर्पण का संकल्प दोहराने का अवसर देता है। देश के युवाओं को प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, पालिका चेयरमेन अकिलेश मेड़तवाल, देहात प्रभारी इन्द्रजीत सिंह झाला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ऊर्जा मंत्री नागर सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर बुधवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान नागर सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत भाण्डाहेड़ा एवं चौमा मालियान, सांगोद की ग्राम पंचायत खड़िया एवं कमोलर, कनवास की ग्राम पंचायत मामोर एवं बालूहेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में आमजन को राहत देने के उद्देश्य से ग्रामीण सेवा शिविर शुरु किए गए हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के मौके पर ही समाधान की कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री नागर में जनसुनवाई की और लोगों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया।


**कार्यालय नगर निगम, (कोटा उत्तर) (राज.)**

क्रमांक : ननिको(उ0)/वि0/2025/476-489 दिनांक : 12.09.2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.kotamc.org, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अनुमानित राशि 49.99 लाख रूपयें)

NIB CODE : DLB2526A5855

UBN : DLB2526WSOB17978

अधिशाषी अभियन्ता (वि0)
नगर निगम, कोटा-उत्तर

राज.संवाद/सी/25/10248



**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां**

क्रमांकः-न.पा.छ./2025/4280 दिनांकः-11.09.25

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती तस्वीर कुमारी पत्नी श्री कमलेश कुमार जाति कुम्हार निवासी रेलवे कालोनी छबड़ा तह. छबड़ा जिला (बारां) | 626 | टीचर्स कालोनी छबड़ा | 250 | 20x40=800 |

नोटः- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा


# युवा कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस के रूप में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया जिसके तहत प्रदेश सचिव यश गौतम एवं मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घटोत्कच चौराहे पर स्टॉल लगाकर पकोड़े बनाए गए एवं इसके माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा रोजगार उपलब्ध करवाने को लेकर किए गए झूठे वादों के खिलाफ विरोध जताया गया।

यश गौतम एवं मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री जब से सत्ता पर काबिज हुए है उन्होंने युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया है। नौकरियां देना तो दूर बल्कि छीनने का काम केंद्र सरकार कर रही है रोजगार देने को लेकर बड़े-बड़े वादे प्रधानमन्त्री ने सत्ता में आने से पहले किए थे जिन्हें उन्होंने भुलाकर युवाओं के साथ अन्याय किया। प्रदेश का हर वर्ग केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से प्रताड़ित है। इन्हीं मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री को उनके द्वारा किए हुए वादों को याद दिलवाने हेतु देश भर में उनका जन्मदिन युवा कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया। विरोध स्वरूप कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घटोत्कच चौराहे पर स्टॉल लगाकर पकोड़े बनाए।

निश्चित तौर पर बेरोजगारी चरम सीमा पर है। जिस प्रकार के हालात देशभर में है यह युवाओं के भविष्य के साथ कुठाराघात है। बेरोजगारी से बुरे हालातों के चलते आज युवा पकोड़े तलने को मजबूर है। यही संदेश देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। इसके खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा मजबूती से लड़ाई लड़ी जाएगी।

डिग्रियां होने के बावजूद रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे युवाओं के साथ युवा कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता खड़ा है। इसमें मुख्य रूप से लखन मेघवंशी, रोहित मेघवाल, महमूद अली, इरफान खान, हर्षित मेरोठा, गौरव शर्मा, कृष्णा तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहर चलो अभियान और प्रधानमंत्री आवास दिवस अभियान का आयोजन

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा 17 सितम्बर बुधवार को खैराबाद बस स्टेण्ड सामुदायिक भवन में नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल, अधिशासी अधिकारी तरुण कुमार लहरी के निर्देशानुसार शहर चलो अभियान और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अंगीकार 2025 प्रधानमंत्री आवास दिवस अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान में पीएमएवाई 2.0 के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों के बारे में स्थानीय लोगों को कैंप के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करायी गई, नए आवेदन प्राप्त किए गये पीएमएवाई 1.0 में शेष अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने हेतु लाभार्थियों प्रोत्साहित किया गया एवं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल, अधिशाषी अधिकारी तरूण कुमार लहरी के द्वारा पीएमएवाई 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रथम किस्त 50000 रूपये के चेक वितरण किए गए। कैम्प में समस्त पालिका अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका अकलेरा जिला झालावाड़ (राज.)**

क्रमांकः- न.पा.अ./2025/914 दिनांकः- 16.09.2025

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 17.06.1999 से पूर्व/पश्चात् की बनी हुई निम्न लिखित आवासीय योजना /कॉलोनियों की 90 ए की कार्यवाही प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पूर्व में की जा चुकी है तथा भूमि नगर पालिका के नाम राजस्व रिकॉर्ड में आवासीय उपयोग हेतु दर्ज है,निम्न लिखित सारणी के अनुसार भूखण्ड का पट्टा हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है,रेकॉर्ड में उपलब्ध दस्तावेज व मौके की स्थिति/साईड प्लान के अनुसार उक्त भूखण्ड का पट्टा/निर्माण स्वीकृति , नाम हस्तांतरण दिया जाना प्रस्तावित है। अतः जिस किसी को भी उक्त सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो कार्यदिवस में सम्बन्धित पत्रावली का अवलोकन कर सकता है एंव अपनी आपत्ति 7 दिवस में दस्तावेजो के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नही होगी ।

**पट्टा हस्तांतरण/विघटन/पुर्नगठन**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कमला बाई पत्नी रामचन्द्र 2. सुरे"ा कुमार उर्फ सुरेन्द्र दत्तक पुत्र रामचन्द्र (रजिस्ट्री अनुसार) जाति कलाल निवासी जीरापुर हाल मुकाम अकलेरा के नाम 1140 वर्गफीट का पंजीयन करवाया गया था। | श्रीमती कमला बाई पत्नी रामचन्द्र कि मृत्यु दिनांक 15.06.2025 को हो जाने के कारण उक्त भुखण्ड को सुरे"ा कुमार उर्फ सुरेन्द्र दत्तक पुत्र रामचन्द्र के नाम 1140 वर्गफीट का हस्तांतरण किया जाना है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री शाहरूख खान पुत्र रमजान खान | मॉडल टाउन कॉलोनी | अकलेरा | 49 | 799 | 783 वर्गफीट |
| श्री अजीत कुमार जैन पुत्र भीमराज जैन | सरस्वती कॉलोनी | थड़ोल | 93 | 607 | 750 वर्गफीट |
| सतीश कुमार शर्मा पुत्र गिरधर शर्मा | सरस्वती कॉलोनी | थड़ोल | 92 | 607 | 750 वर्गफीट |
| आरिफ अली पुत्र रोनक अली | सरस्वती नगर कॉलोनी | थड़ोल | 140 | 605 | 1000 वर्गफीट |
| आरिश अली पुत्र आरिफ अली | सरस्वती नगर कॉलोनी | थड़ोल | 145 | 605 | 750 वर्गफीट |
| आमना अली पत्नी आरिफ अली | सरस्वती नगर कॉलोनी | थड़ोल | 144 | 605 | 750 वर्गफीट |
| आमना अली पत्नी आरिफ अली | सरस्वती नगर कॉलोनी | थड़ोल | 142 | 605 | 1600 वर्गफीट |
| आमना अली पत्नी आरिफ अली | सरस्वती नगर कॉलोनी | थड़ोल | 141 | 605 | 1000 वर्गफीट |
| आमना अली पत्नी आरिफ अली | सरस्वती नगर कॉलोनी | थड़ोल | 143 | 605 | 1200 वर्गफीट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नईम मोहम्मद | सलीम मोहम्मद | पट्टा हस्तान्तरण प्रमाण पत्र कमांक 128495 दिनांक 27.05.2025 | 1080 वर्गफीट | आवासीय कॉलोनी |

राज.संवाद/सी/25/10231 अधिशाषी अधिकारी


# प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलों में दिखाया दम

**कोटा,** (निसं)। प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय स्कूल गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन दिखाया। विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने कराटे और बॉक्सिंग जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर स्कूल का नाम जिला स्तर पर रोशन किया।

छात्र वर्ग में कराटे अंडर-17 में रेहान खान (40 किग्रा) ने कांस्य पदक, अहमद तासीन ने (50 किग्रा) ने कांस्य पदक, प्रणय कश्यप (54 किग्रा) ने रजत पदक, यश प्रताप (66 किग्रा) ने कांस्य पदक, नितिन नागर ने (58 किग्रा) मे रजत पदक, छात्रा वर्ग अंडर-17 में वर्ष (40 किग्रा) ने रजत पदक एवं निशिका (68 किग्रा) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही बॉक्सिंग में अंडर-14 में भव्य शर्मा (40-42 किग्रा) ने स्वर्ण पदक तथा अंडर-17 में प्रियांशी सैनी ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रियांशी ने हाल ही में हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में आयोजित सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन अब राज्यस्तरीय चैंपियनशिप 2025 के लिए हो गया है, जो अजमेर में आयोजित होगी। विद्यालय के सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल में हर्ष का माहौल है। संस्थान की प्रिंसिपल डॉ.फेमिना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कोटा में प्रगति स्कूल के बच्चों ने मेडल जीते है।


**नाम परिवर्तन**

हरिराम पुत्र भेरुलाल जाति गुर्जर निवासी अहमदपुरा तहसील छबड़ा जिला बारां की पुत्री का नाम राममूर्ति है। जो कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। किन्तु आधार कार्ड में भूलवश रामू दर्ज हो गया है मेरी पुत्री का नाम संशोधित करवाते हुए रामू के स्थान पर राममूर्ति रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को राममूर्ति के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

पता-हरिराम पुत्र भेरुलाल गुर्जर निवासी अहमदपुरा तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.)



**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 105/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्री मोहम्मद रियाज खान पुत्र श्री अब्दुलगना म.नं. 1-छ-13 विज्ञान नगर कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास "इंडियन मेव डेवलपमेंट ट्रस्ट" म.नं. 1-छ-13 विज्ञान नगर कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 14.11.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा



**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज.)**

क्रमांक : न.पा.रा./शहर चलो अभि./2025/2976-84 दिनांकः-15.9.25

**-: कार्यालय आदेश :-**
**(शहर चलो अभियान 2025)**

राज्य सरकार द्वारा दिनांक 17.09.2025 से 17.10.2025 तक "शहर चलो अभियान-2025" का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किये जाने है-

साफ-सफाई स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाइट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि) भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजि., उपविभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन।

निकाय द्वारा उक्त कैम्पों के लिए समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए वार्ड वार निम्नानुसार अभियान पूर्व तैयारी कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है-

**कैम्प समय प्रातः 09:30 से सायं 06:00 तक**

| क्र.सं. | कैम्प की दिनांक | वार्ड नं. | कैम्प का स्थान | प्रभारी सहप्रभारी अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17.09.2025 | 01 से 04 | खैराबाद बस स्टेण्ड सामुदायिक भवन | श्री हिमांशु अग्रवाल कनिष्ठ अभियंता (कैम्प प्रभारी) मो. 8107421693 |
| 2 | 18.09.2025 | | | |
| 3 | 19.09.2025 | 05 से 08 | सभा भवन नगरपालिका रामगंजमण्डी | |
| 4 | 20.09.2025 | | | |
| 5 | 23.09.2025 | 09 से 12 | सामुदायिक भवन मरियम हॉस्पिटल के सामने | |
| 6 | 24.09.2025 | | | |
| 7 | 25.09.2025 | 13 से 16 | सभा भवन नगरपालिका रामगंजमण्डी | |
| 8 | 26.09.2025 | | | |
| 9 | 27.09.2025 | 17 से 20 | | |
| 10 | 29.09.2025 | | | |
| 11 | 01.10.2025 | 21 से 24 | खैराबाद बस स्टेण्ड सामुदायिक भवन | |
| 12 | 03.10.2025 | | | |
| 13 | 04.10.2025 | 25 से 28 | सभा भवन नगरपालिका रामगंजमण्डी | |
| 14 | 06.10.2025 | | | |
| 15 | 07.10.2025 | 29 से 32 | सामुदायिक भवन मरियम हॉस्पिटल के सामने | |
| 16 | 08.10.2025 | | | |
| 17 | 09.10.2025 | 33 से 36 | | श्री सुरेश हरित सहायक प्रशासनिक अधिकारी (कैम्प सहप्रभारी) मो. 9829210540 |
| 18 | 10.10.2025 | | | |
| 19 | 11.10.2025 | 37 से 40 | खैराबाद बस स्टेण्ड सामुदायिक भवन | |
| 20 | 13.10.2025 | | | |
| 21 | 14.10.2025 | 01 से 20 | सभा भवन नगरपालिका रामगंजमण्डी | |
| 22 | 15.10.2025 | | | |
| 23 | 16.10.2025 | 21 से 40 | | |
| 24 | 17.10.2025 | | | |

- शिविर प्रभारी समय से आधा घण्टा पूर्व पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करते हुए शिविर आरम्भ करते हुए एवं उसका विडियो बनाकर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- शिविर सहप्रभारी कैम्प के पश्चात सभी शाखाओं से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर गूगल ड्राईव भरवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही दैनिक प्रगति रिपोर्ट को पत्रावली में संधारित करेंगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रामगंजमण्डी


# मोदी के जन्मदिवस पर कैट विमेन विंग कोटा ने रक्तदान शिविर लगाया

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर कैट विमेन विंग कोटा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन तलवंडी स्थित अग्रवाल ब्लड बैंक पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा राजस्थान डॉ. सतीश पूनियाँ रहे जिन्होंने रक्तदाताओं को प्रेरित किया।

डॉ.पूनियां ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सामाजिक सरोकारों और महिला सशक्तिकरण की नीतियों से प्रेरणा लेकर आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। कैट विमेन विंग कोटा की अध्यक्ष नीलम विजय ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी की जीवन-रक्षक बन सकते हैं। इस अवसर पर 75 महिलाओं ने रक्तदान किया। इस पुनीत कार्य में सीनियर उपाध्यक्ष रक्षा नरुका और स्वाति गुप्ता व अनु गुप्ता ने रक्तदान कर प्रेरणा दी। उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष रिचा गुप्ता, सचिव भाविका प्रीत रामानी, कोषाध्यक्ष रुचि जोहरी, चित्रांगी अग्रवाल, नूतन सोनी, मधु विजय, कृतिका विजय, अंकिता खंडेलवाल, मेघना शर्मा सहित कई महिलाओं ने सक्रिय सहयोग दिया। इसके अलावा नक्षत्र टीम की रिचा विजय, गार्गी चौहान, कीर्ति खंडेलवाल, स्मिता पाटनी और शिप्रा मित्तल भी कार्यक्रम में शामिल रही।

इस अवसर पर कोटा शहर भाजपा के पूर्व महामंत्री मुकेश जी विजय, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खीची, पार्षद रामबाबू सोनी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में अग्रवाल ब्लड बैंक के सुरेंद्र अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

कोटा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया मौजूद रहे।